गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह

सूचना

वि०भा०वि० हजारीबाग के पत्रांक VBU/NEP/02/R/2820/25 दिनांक 17/ 11/ 2025 के आलोक में सेमेस्टर- VI (2022- 26) के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो उत्तीर्ण हुए हैं वे निम्न प्रकिया को अंगीकृत कर सकते है:-

जिस विद्यार्थी का किसी भी विषय मे 75% से कम अंक है वे Bachelor Degree (Honours) में अध्ययन जारी रखना चाहते हैं तो नामंकन की तिथि की घोषणा होने के बाद नामांकन ले सकते है।

जिस विद्यार्थी का 75% या उससे अधिक अंक है वे विद्यार्थी कॉलेज द्वारा जारी नोटिस के बाद संबंधित विषय में Bachelors Degree (Honours with Research) मं नामांकन करा सकते है।

(विनोबा भावे विश्वविद्यालय से अनुमति पत्र आने की प्रत्याशा में)

जिन विद्यार्थियों का सेमेस्टर VI में प्राप्तांक 75% या उससे अधिक है और Honours with Research के मापदण्ड के अनुसार पढ़ाई की सुविधा नहीं है और वे Honours with Research पढ़ना चाहते हैं वे कॉलेज website या College Telegram page या whatsapp channel से प्रपत्र निकाल कर 300/-रू चालान बैंक में जमा कर नामांकन काउंटर में जमा करें। तत्पश्चात् उन्हें उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

संलग्नकः- पत्रांक VBU/NEP/02/R/2820/25 दिनांक 17/11/202

15/12/25

प्राचार्य
PRINCIPAL
GIRIDIH COLLEGE
GIRIDIH

प्रतिलिपिः-

1.नोटिस बोर्ड
2.कॉलेज वेबसाइट
3.कॉलेज फेस बुक पेज
4. Whatsapp Channel
4.नामांकन काउंटर, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह
5.परीक्षा विभाग, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह
4.प्रधान सहायक, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अधीनस्थ अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों मे चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के सत्र 2022–26 में नामांकित वैसे विद्यार्थी जिन्होंने समसत्र–VI की परीक्षा दे दी है तथा समसत्र–VII एवं VIII में Bachelor's Degree (Honours) हेतु अध्ययन जारी रखना चाहते है, उनके समसत्र–VII की कक्षाएँ यदि नहीं शुरू हुई है तो कक्षाएँ दिनांक–18.11.2025 से प्रारंभ होंगी। परन्तु, ऐसे विद्यार्थियों का समसत्र–VII मे नामांकन समसत्र–VI की परीक्षा मे उत्तीर्ण होने के उपरांत ही होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक मे वैसे विद्यार्थी जो समसत्र–VI तक की परीक्षाओं मे कुल मिलाकर न्यूनतम 75% अंक (या 7.5 CGPA) अर्जित करेंगे, उन्हें समसत्र–VII एवं VIII में Bachelor's Degree (Honours with Research) कार्यक्रम मे अध्ययन हेतु पात्र माना जाएगा। हालाँकि झारखण्ड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक–JSHEC/NEP-04/2024-437 दिनांक–04.12.2024 के द्वारा निर्गत "Implementation of Four Year Under Graduate Programme (FYUGP) in State Universities of Jharkhand Regulations, 2024" की कंडिका 4.4.1 के अनुसार, यह सुविधा केवल उन्हीं महाविद्यालयो मे सीमित सीटों पर उपलब्ध होगी

i. जहाँ Library access to journals, Computer labs and software तथा Laboratory facilities जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे उपलब्ध हो।

ii. तथा जहाँ संगत विषय मे Ph.D. Supervisor के रूप में मान्यता प्राप्त कम–से–कम दो स्थायी शिक्षक पदस्थापित हों।

अतः महाविद्यालयो को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपर्युक्त शर्तों की पूर्ति होने पर ही Bachelor's Degree (Honours with Research) कार्यक्रम विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने उपरांत प्रारंभ किया जाए।

इसके अतिरिक्त समसत्र–VI की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के पास चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम से बाहर होकर तीन वर्षीय Bachelor's Degree के आधार पर दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे प्रवेश लेने का विकल्प भी उपलब्ध है। ऐसे विद्यार्थी तीन वर्षीय Bachelor's Degree का Provisional Certificate प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर रू 300/– (तीन सौ रूपये मात्र) का शुल्क के साथ संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। महाविद्यालय उक्त प्रपत्रों की जाँच कर एकीकृत सूची तथा वांछित राशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को समर्पित करेंगे। ऐसे विद्यार्थी यदि चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करते हैं तो उनका दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे नामांकन मेधा एवं झारखण्ड सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार किया जा सकता है।

कुलपति के आदेशानुसार,
ह0/–
कुलसचिव

ज्ञापांक : VBU/NEP/02/R/2820/25 दिनांक : 17.11.2025

प्रतिलिपि–

1. कुलपति के निजी सहायक, वि0भा0वि0, हजारीबाग के कुलपति के सूचनार्थ।
2. वित्तीय सलाहकार/कुलसचिव, वि0भा0वि0, हजारीबाग के सूचनार्थ।
3. सभी संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
4. सभी प्रधानाचार्य अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय, वि0भा0वि0, हजारीबाग के अंतर्गत।
5. नॉडल पदाधिकारी, NEP-2020, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
6. सभी पदाधिकारी, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
7. प्रभारी, स्थापना शाखा, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
8. विश्वविद्यालय Website- www.vbu.ac.in

17.11.2025
कुलसचिव

E:\Rakesh\2025\Indrajit Sir\New Notification 2025.docx/52